नामांक Roll No.

No. of Questions – **30**

No. of Printed Pages – **4**

SS-18-Home Science (D&D)(Supp.)

गृह विज्ञान (HOME SCIENCE)

उच्च माध्यमिक (मूक-बधिर) पूरक परीक्षा, 2020

समय : 4¼ घण्टे

पूर्णांक : 56

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :

(1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न-पत्र पर नामांक अनिवार्यतः लिखें ।

(2) सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैं ।

(3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर-पुस्तिका में ही लिखें ।

(4) जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ ही लिखें ।

(5)

खण्ड	प्रश्न संख्या	अंक प्रत्येक प्रश्न
अ	1-13	1
ब	14-24	2
स	25-27	3
	28-30	4

(6) प्रश्न क्रमांक **29** एवं **30** में आंतरिक विकल्प हैं ।

खण्ड – अ

1. 'कैरियर' को परिभाषित कीजिए । **1**

2. रजोनिवृत्ति किस आयु के बीच होती है ? **1**

3. भारत से अधिक जनसंख्या वाले देश का नाम बताइये । **1**

4. मूक-बधिर बालकों को किस विधि से शिक्षा दी जाती है ? **1**

5. युवावस्था की आयु अवधि लिखिए । **1**

6. आहार आयोजन को परिभाषित कीजिए । **1**

7. हरी पत्तेदार सब्जियों की प्रति संदर्भ इकाई मात्रा कितनी होती है ? **1**

8. 'माँग स्तनपान' का क्या तात्पर्य है ? **1**

9. O.R.S. का पूरा नाम लिखिए । **1**

10. किन्हीं चार वनस्पति धब्बों के नाम लिखिए । **$\frac{1}{4} \times 4 = 1$**

11. कला के तत्त्व कौन-कौन से हैं ? **$\frac{1}{4} \times 4 = 1$**

12. सिलाई मशीन का आविष्कार कब किया गया था ? **1**

13. मौद्रिक आय के कोई चार स्रोत लिखिए । **1**

खण्ड – ब

14. मित्र के रूप में किशोर किन व्यक्तियों को अपनाते हैं ? **2**

15. एच.आई.वी. संक्रमण किन कारणों से होता है ? **2**

16. एड्स के चिन्ह का चित्र बनाइये । **2**

17. धात्रीवस्था में कम दुग्ध स्रवण के कोई चार कारण लिखिए । **½ × 4 = 2**

18. दूध में पाई जाने वाली मिलावट के बारे में लिखिए । **2**

19. धात्री महिला के आहार में पारम्परिक देशी दवाइयों के महत्त्व को स्पष्ट कीजिए । **2**

20. सिलाई में काम आने वाले किन्हीं दो उपकरणों का नामांकित चित्र बनाइये । **1 + 1 = 2**

21. पारिवारिक बजट को बनाते समय आप किन बिन्दुओं का ध्यान रखेंगे ? **2**

22. 'अशिक्षा' उपभोक्ता की एक समस्या है, क्यों ? **2**

23. आपके जीवन में जीवन बीमा का क्या महत्त्व है ? **2**

24. घर खर्च का मासिक ब्यौरा तैयार कीजिए । **2**

खण्ड – स

25. 'मिलावट' को परिभाषित कीजिए । खाद्य पदार्थों में हो रही मिलावट की रोकथाम किस प्रकार कर सकते हैं ? समझाइये । **3**

26. घरेलू स्तर पर सुरक्षित पेयजल कैसे तैयार करेंगे ? 3

27. निम्न पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए :

    (i) गृह विज्ञान एवं व्यावसायिक शिक्षा

    (ii) स्वरोजगार $1\frac{1}{2} + 1\frac{1}{2} = 3$

28. वृद्ध व्यक्ति की देखभाल आप कैसे करेंगे ? वर्णन कीजिए । 4

29. गर्भवती महिला का आहार आयोजन करते समय आप किन बातों का ध्यान रखेंगे ? 4

    अथवा

    दस्त से पीड़ित व्यक्ति का आहारीय उपचार आप कैसे करेंगे ? 4

30. तैयार पोशाक का चुनाव आप कैसे करेंगे ? वर्णन कीजिए । 4

    अथवा

    वस्त्रों का संग्रहण आप कैसे करेंगे ? विस्तार से समझाइये । 4